तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 18 अगस्त 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 विधायक ने कहा-कृष्ण का जीवन धर्म और नीति ...



12 परसुली में डांस प्रतियोगिता का हुआ ...






# एनएचएम कर्मियों की हड़ताल आज से, स्वास्थ्य सेवाओं पर होगा असर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के लोगों के लिए हड़ताल और आंदोलन एक बार फिर मुसीबतों की वजह बनने जा रही है। अब स्वास्थ्य कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से पूरे जिले के सरकारी अस्पतालों में कई सेवाएं बाधित रहेंगी, जो लोगों के लिए मुसीबत साबित होगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारियों की आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु हो रही है। इस बार कर्मचारियों ने आपातकालीन सेवाएं भी बंद रखने का फैसला किया है, जिस कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यह हड़ताल पूरे छत्तीसगढ़ में हो रही है, जहां एनएचएम कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। एनएचएम कर्मचारियों की मुख्य मांगों में संविलियन, नियमित भर्ती में आरक्षण, स्थानांतरण नीति, 27 प्रतिशत लंबित वेतन वृद्धि, ग्रेड पे निर्धारण, और चिकित्सा अवकाश शामिल हैं।

## शासन द्वारा मांगों को पूरा नहीं किए जाने के बाद संगठन ने लिया आंदोलन का निर्णय

### हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ेगा प्रभाव

हड़ताल के दौरान आपातकालीन सेवाएं, ओपीडी, टीकाकरण, और नवजात देखभाल इकाइयां पूरी तरह बंद रहेंगी। इससे गर्भवती महिलाएं, नवजात शिशु, और गंभीर रोगी सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। खासकर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में जहां पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित हैं, वहां संकट और गहरा हो सकता है।



### स्वास्थ्य सेवाओं पर असर मरीजों के लिए चुनौती

जिलें में एनएचएम कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाते हैं। ये कर्मचारी ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, और जिला अस्पतालों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिले में लगभग 600 से अधिक कर्मचारियों की हड़ताल से सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ने, उपचार में देरी, और गंभीर रोगियों के लिए जोखिम बढ़ने की आशंका है। आपातकालीन सेवाओं के बंद होने से गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं, और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा।

कर्मचारियों का कहना है कि सरकार ने 15 अगस्त तक उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, जिसके बाद उन्होंने हड़ताल पर जाने का फैसला किया। एनएचएम कर्मचारी संघ ने सरकार से तत्काल संवाद स्थापित करने और उनकी जायज़ मांगों पर निर्णय लेने का आग्रह किया है। यदि सरकार तत्काल कोई कदम नहीं उठाती है, तो स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से बाधित हो सकती हैं, जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी। जिले में लगभग 600 एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल से जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर असर पड़ने की संभावना है। आपातकालीन सेवाएं भी बंद होने से मरीजों को परेशानी हो सकती है। खासकर बारिश के मौसम में, जब कई तरह की बीमारियों का खतरा होता है, तो स्वास्थ्य सेवाओं का सुचारू रूप से चलना बहुत ज़रूरी है।

## खबर संक्षेप



### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम सिंघनपुर की एक महिला के साथ उसके पति ने मारपीट कर दी। महिला की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया ज्योति कोसरिया ने बताया कि 16 अगस्त की दोपहर करीबन 2.30 बजे वह अपने घर में रहकर काम कर रही थी। तभी उसका पति नाथूराम कोसरिया, मेरे माता-पिता का ध्यान नंही रखती हो कहकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। मामले को लेकर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### तीजा पर्व 26 अगस्त को

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्यौहार तीजा इस महीने की 26 तारीख को मनाया जाएगा। श्रीसत्यनारायण मंदिर खट्टी के पं. सुभाष शर्मा ने बताया कि 23 अगस्त शनिवार को पोला, 26 अगस्त मंगलवार को तीजा और 27 अगस्त बुधवार को गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाएगा।

### मोबाइल तोड़ने की बात को लेकर मारपीट

**महासमुंद**। मोबाइल तोड़ने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ उसके भतीजे ने मारपीट कर दी। मामले को लेकर पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी मीलाराम साहू निवासी ग्राम ठाकुरदियाखुर्द ने बताया कि 15 अगस्त को दोपहर 1-2 बजे के बीच उसके नाती और यशवंत साहू के बेटे के बीच मोबाइल तोड़ने की बात को लेकर झगडा हुआ था। इसके बाद वह 16 अगस्त को सुबह करीबन 7.30 बजे अपनी गाय को गौठान ले जा रहा था, इसी दौरान बच्चे के द्वारा मोबाइल तोड़ने की बात को लेकर उसका भतीजा यशवंत साहू आया और गाली देते हुए मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सूअर खाने के शक में सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट

**महासमुंद**। सूअर खाने के शक में एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थी अवधराम कुलदीप निवासी वार्ड नं एक शंकर नगर महासमुंद ने बताया कि नगर पालिका महासमुंद में सफाई का काम करता हूं। 13 अगस्त की रात करीबन 8.30 बजे आरोपी मुन्ना डेरा सुभाष नगर महासमुंद, संग्राम देवार, दुल्ला देवार, किशोर देवार उसके घर आए और और उसे सुअर को मारकर खाया है कहकर गाली गलौज करने लगे। जब वह बाहर आया तब दुल्ला ने कहा कि तुमने हमारे घर के सूअर को मार मारकर खाया है। जिस पर प्रार्थी ने कहा कि मैं नहीं खाया हूं। लेकिन आरोपी एक राय होकर गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट एवं धक्का मुक्की करने से वह दरवाजे के चौखट से जाकर टकराया और सिर में चोट लगी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## आयोजन : जिला मुख्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

# एक तीर एक कमान, आदिवासी एक समान के नारों से गूंजा नगर, समाज ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला मुख्यालय में रविवार को

- शंकराचार्य भवन में आयोजित किया गया कार्यक्रम

आदिवासी समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम स्थल शंकराचार्य भवन में सुबह देव स्थापना एवं पूजन के बाद एक तीर एक कमान, आदिवासी एक समान के नारों के साथ शहर के मुख्य मार्ग में भव्य रैली निकाली गई। पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में नृत्य करते और डीजे की धुन पर निकली भव्य रैली निकाली गई। इस दौरान आदिवासी समाज के हर घर से कम से कम एक व्यक्ति इस आयोजन में मौजूद रहे। आदिवासी ध्रुव गोंड समाज, छ. ग. अजजा शासकीय सेवक विकास संघ एवं आदिवासी युवा प्रभाग के संयुक्त तत्वाधान में ज़िला मुख्यालय में विश्व आदिवासी दिवस का कार्यक्रम शंकराचार्य भवन में 17 अगस्त को मनाया गया। सर्वप्रथम ईष्ट देव की पूजा अर्चना पश्चात समाज प्रमुखों की उपस्थिति में भव्य रैली नगर के प्रमुख स्थलों से होकर गुजरी। डॉ भीमराव अंबेडकर एवं वीरांगना महारानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। आतिशबाजी, डीजे और सर्व आदिवासी समाज द्वारा नृत्य करते हुए शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए बरोंडा चौक, नेहरू चौक होते हुए तुमगांव चौक में डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति में माल्यार्पण के बाद वापस कार्यक्रम स्थल तक गई। कार्यक्रम स्थल में मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद, अध्यक्षता शिव कुमार सोरी, विशिष्ट अतिथि निखिल कांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष, भीखम सिंह ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष, कमलेश ध्रुव उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, देवीचंद राठी नगर पालिका उपाध्यक्ष, थान सिंह दीवान जिलाध्यक्ष कंवर समाज, राधेश्याम ध्रुव पूर्व जिलाध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज, एसपी ध्रुव प्रांतीय संयुक्त सचिव, एमएल ध्रुव जिलाध्यक्ष, महेश कुमार ध्रुव जिला महासचिव, सनकादिक ध्रुव, भुनेश्वर ध्रुव, सरजू कुंजाम, सहदेव ध्रुव, रतनू ध्रुव सहित समस्त परिक्षेत्र अध्यक्ष गण, बाबू लाल ध्रुव, वतन ध्रुव, जिला सचिव राज कुमार ध्रुव, प्रेम सिंह गोंड, जितेन्द्र कुमार ध्रुव पार्षद, पंकज कुमार ध्रुव, श्रद्धा ध्रुव एवं युवा प्रभाग के अन्य साथी और मातृ शक्ति एवं पितृ शक्ति उपस्थित रहे।





### हजारों की संख्या में लोग हुए शामिल

रविवार को विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आदिवासी समाज के लोगों ने विशाल रैली निकाल अपनी एकता का परिचय दिया। जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। रैली शंकराचार्य भवन से निकली फिर बरोंडा चौक, नेहरू चौक, अंबेडकर चौक पहुंची। वहां से रैली वापस शंकराचार्य भवन पहुंची। रैली के दौरान समाज के लोगों ने जमकर नारेबाजी की।

### पारंपरिक वेशभूषा एवं नृत्य की रही धुम

रैली के दौरान नेहरू चौक एवं अंबेडकर चौक के पास आदिवासी समाज की पारंपरिक वेशभूषा में युवक-युवतियों और बच्चों ने तीर-कमान लेकर पारंपरिक गीतों में सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। जो नगर के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही।

### समाज के अधिकारों के संरक्षण पर जोर

इस आयोजन में आदिवासी समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया और अपनी संस्कृति का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भाषणों का आयोजन किया गया, जिसमें आदिवासी समुदाय के अधिकारों और उनकी संस्कृति के संरक्षण पर जोर दिया गया।

### बारिश होने से लोगों को मिली गर्मी से राहत खेतों में बढ़ी नमी

**महासमुंद**। रविवार को शहर के मौसम में अचानक बदलाव हुआ, जिससे गर्मी से राहत मिली। सुबह से तेज धुप और दोपहर में हल्की बूंदा बांदी के बाद शाम को हुई बारिश ने लोगो को गर्मी से राहत दिलाई। शहर में शाम के तापमान में गिरावट दर्ज की गई जिसमें अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम 25 डिग्री रहा। शहर में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ली। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। सुबह तेज धूप रही, जिसके बाद दोपहर होते-होते हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। शाम को हुई बारिश ने लोगों को गर्म हवाओं से राहत पहुंचाई और मौसम को ठंडा कर दिया। रविवार को मौसम लगातार करवट बदलता रहा। सुबह में आसमान में तेज धूप निकलने से लोगों को गर्मी का अहसास हुआ, लेकिन यह गर्मी ज्यादा देर तक टिक नहीं सकी। शाम होते ही आसमान बादलों से ढंक गया। इसके बाद एक बार फिर बारिश शुरू हुई। जिसने मौसम को ठंडा बना दिया। शाम तक रुक-रुककर बारिश का सिलसिला चलता रहा। बारिश की वजह से बाजारों में चहल-पहल कुछ कम नजर आई। ऐसे मौसम में लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। ग्रामीण इलाकों में शाम को हुई बारिश से किसानों को राहत मिली है। देर से ही सही, लेकिन रिमझिम बारिश ने खेतों की नमी बढ़ा दी और फसलों के लिए वरदान साबित हुई। विभिन्न फसलों के लिए इस बारिश को अच्छा माना जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी हल्की बारिश और बादल छाए रहने की संभावना है।

# शुभम के मार्ट में लगी आग, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

सरायपाली स्थित शुभम के मार्ट में

- शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई गई

आग लगने का मामला सामने आया है। हालांकि हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं आई और एक बड़ा हादसा टल गया। मामला सरायपाली स्थित शुभम के मार्ट का है, जहां रविवार सुबह लगभग आठ बजे धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। सुबह दुकान बंद थी, इसलिए बड़ा हादसा टल गया। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका व्यक्त की जा रही है। आग से टोस्ट, बिस्किट सहित कुछ सामान जलने की बात सामने आ रही है। जांच के बाद ही नुकसान का आंकलन हो पाएगा कि कितने का नुकसान हुआ है। सरायपाली पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है।




# स्केटिंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित आर्यन पुडुचेरी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के कक्षा नवमी के छात्र मास्टर आर्यन सोनी का चयन पुडुचेरी में होने वाली केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली द्वारा आयोजित स्केटिंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

उल्लेखनीय है कि आर्यन बचपन से ही स्केटिंग में अपना जलवा दिखाते रहे हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित होने से पहले वे दो बार संभागीय प्रतियोगिताओं में भी शामिल हो चुके हैं। राष्ट्रीय



प्रतियोगिता का आयोजन पुदुचेरी में हो रहा है जिसके लिए मास्टर आर्यन सोनी केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग की टीम के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने शनिवार को रवाना हुए।

इस उपलब्धि के लिए संजय कंसल प्राचार्य, कांता एक्का प्रधानाचार्य, सोहन साहू, अजय, भारती वर्मा, जितेंद्र चंद्राकर, विवेक सर, प्रथान सर, ओम प्रकाश चंद्राकर, संजय बघेल सहित परिजन लता सोनी, रत्नेश सोनी, सीतेश सोनी, मीतेश सोनी, राखी सोनी, सारिका सोनी, श्वेता सोनी, अदिति, आयुष, आयांश व अनंत ने हर्ष व्यक्त किया है।

## आरोपियों के कब्जे से कफ सिरप और 500 नशे की टैबलेट जब्त

# नशीली दवा की तस्करी कर रहे 9 लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले की पुलिस ने नशीली टैबलेट और कफ सिरप की तस्करी में लिप्त 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम के द्वारा नशीली ड्रग्स कैप्सूल व इंजेक्शन, कफ सिरप का अवैध व्यापार के विरूद्ध कार्रवाई, फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी कार्रवाई, स्त्रोत के बारे में विस्तृत जानकारी लेकर उनके विरूद्ध विधिसंगत विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया था।

14 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अधिक मात्रा में नशीली कप सिरप को बिक्री करने के लिए रखा है। उक्त सूचना पर टीम के द्वारा मौके पर जाकर घेराबंदी किया गया। संदेही ने पूछताछ में अपना नाम प्रवीण साहू पिता महेश साहू निवासी वार्ड क्रमांक 11 नयापारा महासमुंद दलदली रोड में का निवासी होना बताया। उसके कब्जे से 1300 एमएल कोडीन फॉस्फेट ट्रिप्रोलिडाइन सिरप एवं 01 नग बटन चाकू मिला जिसे टीम के द्वारा जब्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना महासमुंद अपराध धारा 21 (सी), 22 एनडीपीएस, 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



इसके बाद टीम के द्वारा आरोपी प्रवीण साहू से पूछताछ करने पर नशा में प्रयुक्त दवाई पदमपुर ओडिशा निवासी सुशांत प्रधान पिता तुमराज प्रधान देना बताया। जिसे टीम के द्वारा पकड़ा गया, आरोपी के कब्जे से नाईट्राजेपाम टैबलेट 50 स्ट्रिप जिसमें कुल 500 नग टैबलेट मिला। वहीं टीम के द्वारा नशीली दवाई के तस्करी/सेवन करने में संलिप्त अन्य आरोपी टी बजरंग पिता टीएस राव (22 वर्ष) निवासी डब्ल्यूआरएस कॉलोनी आरबीएस खमतराई रायपुर, सोनू साहू पिता अयण साहू (19 वर्ष) निवासी शीतला मंदिर तालाब के पास साहू पारा फाफाडीह, रायपुर, जनक बघेल पिता मिठ्ठू बघेल (26 वर्ष) निवासी त्रिमूर्ति नगर रायपुर, अमित यादव पिता गणेश यादव (21 वर्ष) निवासी फाफाडीह हॉस्पिटल गली, रायपुर, सचिन ध्रुव पिता भानूप्रताप ध्रुव (23 वर्ष) निवासी फाफाडीह साहू पारा पराग नर्सिंग होम गली रायपुर, शुभम उर्फ चंद्रमणि साहू पिता हिम्मत लाल साहू (24 वर्ष) निवासी वार्ड क्र 23 फाफाडीह साहू पारा तालाब के पास रायपुर, कुनाल फेकर पिता तेजप्रकाश फेकर (23 वर्ष) निवासी देवेंद्र नगर एलआईजी 22 के सामने रायपुर को धारा 21(सी),22, 27 नारकोटिक एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



## प्रेस क्लब में अध्यक्ष रत्नेश ने किया ध्वजारोहण

**महासमुंद**। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब में 79वां स्वाधीनता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष रत्नेश सोनी ने ध्वजारोहण करते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और शहीदों को नमन किया। ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान हुआ फिर मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर संरक्षक गण वरिष्ठ पत्रकार श्रीराम कुमार तिवारी 'सुमन', संजय डफले, सालिकराम कन्नौजे, महामंत्री रविंद्र विदानी, कोषाध्यक्ष संजय महंती, उपाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, उत्तरा विदानी, अनिल चौधरी, विपिन दुबे, ललित मानिकपुरी, अमित हिशीकर, प्रभात महंती, संजय यादव, कुंजराम रात्रे, राकेश झाबक, योगेश गंडेचा आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## उत्कृष्ट कार्य करने पर सांसद ने गोस्वामी को किया सम्मानित

**महासमुंद।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 में जिला मास्टर ट्रेनर के रूप उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी को स्वतंत्रता दिवस समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि निर्वाचन के समय ही सड़क दुघर्टना में गोस्वामी के पैर की हड्डी टूट गई। इसके बावजूद वे वॉकिंग स्टिक के सहारे चलते हुए निर्वाचन कार्य में जिला के मुख्य मास्टर ट्रेनर के रूप में अपने सभी उत्तरदायित्वों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उनके सम्मानित होने पर गोस्वामी समाज के प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती, पूर्व प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि, जिला उपाध्यक्ष रामेंद्र प्रकाश गिरि, शंकर पुरी, विजय पुरी, हुलास गिरि, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि, मनोज गिरि, अर्जुन गिरि ने हर्ष जताया।



## सरपंच गायत्री ठाकुर ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज


**नर्रा।** ग्राम पंचायत बिंद्रावन में आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस ध्वजा रोहण कार्यक्रम में सरपंच गायत्री ठाकुर द्वारा सर्व प्रथम भारत माता की पूजा अर्चन कर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान पंच गणों के अलावा ग्रामीणजन व स्कूली छात्र उपस्थित रहे।

# शंकर नगर में कमर छठ एवं जन्माष्टमी का हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शंकर नगर स्थित कुंदकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शनिवार को परंपरागत कमर छठ पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मातृशक्ति ने संतान की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए विधि-विधान से व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की। मंदिर प्रांगण में 'सगरी' का निर्माण कर दूध, दही, लाई, पुष्प एवं अक्षत अर्पित किए गए। इसके उपरांत महिलाओं ने कथा-श्रवण कर सामूहिक रूप से प्रसाद स्वरूप पसहर चावल एवं छह प्रकार की भाजी का सेवन किया। इस अवसर पर विशेष रूप से भैंस के दूध, दही एवं घी का प्रयोग किया गया।





इसी क्रम में शनिवार को मंदिर प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। बच्चों द्वारा आयोजित पारंपरिक मटका-फोड़ प्रतियोगिता में इशिका यादव, प्रेम साहू और लव्य यादव विजयी रहे, जिन्हें पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा बच्चों द्वारा प्रस्तुत नयनाभिराम कृष्ण-राधा की झांकी, जिसमें शौर्य दीप सोनी, आरव साहू, त्रिपाठी, अंश साहू, पीहू पुरोहित, रूद्रांश साहू और अबीर ने मनमोहक प्रस्तुति दी। महिलाओं ने यशोदा मैया का रूप धरकर नृत्य प्रस्तुत किया और पूरे मंडप को कृष्ण भक्ति में सराबोर कर दिया। वहीं, किरण पवार द्वारा प्रस्तुत मधुर कृष्ण भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर का सफल आयोजन सरला सोनी, विनोदिनी पुरोहित एवं कुमारी सेन के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे और धार्मिक उत्सव का आनंद उठाया।

# स्वतंत्रता दिवस के साथ धूमधाम से मना विधायक यादव का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

15 अगस्त का दिन खल्लारी क्षेत्रवासियों के लिए दोहरी खुशी लेकर आया। एक ओर पूरे देश में आज़ादी का जश्न मनाया गया, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव विधायक द्वारिकाधीश यादव का जन्मदिन भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

विधायक निवास पर सुबह से ही शुभकामनाओं देने वालों का तांता लगा रहा। क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में पहुंचकर अपने विधायक को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते रहे। हर कोई अपने जननायक को पुष्पगुच्छ, मिठाई और केक के साथ बधाई प्रेषित कर रहा था। जनप्रतिनिधियों से लेकर साधारण ग्रामीणजन तक – हर कोई विधायक द्वारिकाधीश यादव को शुभकामनाएँ देने पहुँचता रहा। जन्मदिन का यह उत्सव स्वतंत्रता दिवस के जश्न के साथ पूरे क्षेत्र के लिए अविस्मरणीय बना।

जन्मदिन समारोह में कांग्रेस नेताओं एवं समर्थकों ने मिलकर केक काटा और विधायक को दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल



भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक निवास में ग्रामीणों और अतिथियों के लिए विशेष भोज प्रसादी का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमुदाय ने भोजन का आनंद लिया और इस उत्सव को यादगार बनाया।

विधायक द्वारिकाधीश यादव ने इस अवसर पर कहा कि क्षेत्र की जनता का स्नेह ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने आश्वस्त किया कि खल्लारी विधानसभा के विकास और हर नागरिक की सेवा के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे। इस प्रकार 15 अगस्त का दिन खल्लारी क्षेत्र के लिए खास रहा।

स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय उत्सव के साथ-साथ विधायक के जन्मदिन ने भी पूरे वातावरण को उल्लास और भाईचारे से भर दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कृषक कल्याण परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र चंद्राकर, बागबाहरा जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ग्रामीण कमेटी अध्यक्ष रवि निषाद, कोमाखान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, मंडी बोर्ड पूर्व अध्यक्ष तेजन चंद्राकर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गणेश शर्मा, फिरोज़ मेमन देवेश साहू, समीम खान, अतुल बग्गा, विष्णु महानंद, बसंती बघेल, नवनीत सलूजा, राजेश सोनी, ताम्रध्वज बघेल, रामलाल सिन्हा, पुष्पेंद्र चंद्राकर, अशोक अग्रवाल, गिरीश पटेल, अंजोर ठाकुर, सफी मोहम्मद, पोखराज साहू, शैलेश साहू, राजेश सिन्हा, बसंता ठाकुर, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष दुर्गा सागर, मेनका साहू, कामिनी चंद्राकर, प्रीतम साहू, डिगेश्वर देवांगन मनोहरपटेल, हबे लाल यादव, चयन कौशिक, बलराम ध्रुव, रमेश चंद्राकर, बड़ा खान, केशव चंद्राकर, हेमलाल साहू, कमल साहू, प्रभु लाल यादव, राहुल यादव, हरिशंकर यादव, धर्मेंद्र ठाकुर, जनपद सदस्य भूपेंद्र दीवान, जनपद सदस्य गरिमा चंद्राकर, जनपद सदस्य भूमिका सिन्हा, जनपद सदस्य गीता दीवान, सविता गोस्वामी, योगेश बघेल, सुनील व्यवहार, मंता राम यादव, उमेश साहू, वैदेही महानंद मोहित पाडे, संतोष चक्रधारी लोकेश दीवान, इंद्रो बघेल, लोकेश दीवान, रमेश साहू, केवल राम चंद्राकर, बुधराम सेन, गणपत जगत, हेमलाल साहू, जनक राम पटेल, रेवाराम नायक तपेश साहू, योगेंद्र साहू, भारत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बिरकोनी में मटकी फोड़ प्रतियोगिता के साथ मनाई गई जन्माष्टमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

- बिरकोनी भाठापारा में बच्चों की आकर्षक झाँकी सजाई

ग्राम बिरकोनी स्थित खल्लारी पारा, भाठापारा, शिव मंदिर वार्ड व राम जानकी मंदिर में कृष्णा जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनायी। कार्यक्रम का शुभारंभ बाल रूप भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना से प्रारम्भ किया गया। भजन कीर्तन के साथ धार्मिक धुन में शाम 7 बजे सभी श्रद्धालु कान्हा के मटकी फोड़ के तैयारी में लगे रहे।

ग्राम के सेवाभावी युवाओं के द्वारा अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें महिलाओं, बालिकाओं व बालको ने मटकी फोड़, कुर्सी दौड़, रस्सी खिंच, मोमबत्ती जलाओ प्रतियोगिता में मोहल्ले के सभी प्रतिभागियों ने भाग लिया। खल्लारी पारा में महिलाएं व बच्चों ने कृष्ण जन्म उत्सव पर पूजा अर्चना किया। मेन रोड लकड़ी टाल के पास नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा कृष्ण, राधा झांकी के साथ रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई व अनेक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शिव मंदिर वार्ड में मटका फोड़ के साथ धार्मिक आयोजन हुआ। मंदिर व घरों में नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जयकारों से गूंजायमान रहा। खल्लारी पारा में नन्हे मुन्ने बच्चों के कृष्ण-राधा की आकर्षक झांकियां सजाई गई। इस दरमियान भक्त दर्शन के बाद



जयकारे लगाएं। रात को दही लूट, मटकी फोड़ चौक-चौराहे पर उत्सव मनाया गया। जिसमें भगवान के बाल रूप में बच्चों ने हिस्सा लेकर मटकी फोड़ी व दही लूटी।

इस दौरान मटकी फोड़ का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं को खीर, पूड़ी, माखन-मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया।

## साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

साइबर अपराधों की रोकथाम एवं डिजिटल युग में नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बसना थाना पुलिस द्वारा विभिन्न विद्यालयों में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व एसडीओपी ललिता मेहर एवं थाना प्रभारी नरेंद्र राठौर ने किया। इनके साथ सउनि जयंत बारीक, प्रधान आरक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, प्रधान आरक्षक संतोष यादव एवं



आरक्षक कमल जांगड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन क्रमशः कन्या हायर सेकंडरी स्कूल बसना, आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल बसना एवं हायर सेकंडरी स्कूल जगदीशपुर में किया गया।

# जन्माष्टमी पर हुआ 18 घंटे का द्वादशाक्षर मंत्र का जाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 घंटे का द्वादशाक्षर मंत्र ऊं नमो भगवते वासुदेवाय का अनवरत संकीर्तन किया गया। निर्धारित कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल 6 बजे से सायंकाल 6 बजे तक ऊं नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का सामूहिक संकीर्तन। सायंकाल 6 बजे से 8:30 बजे तक भजन -कीर्तन एवं बच्चों की झांकी रात्रि 9 बजे से 12 बजे तक ऊं नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का सामूहिक संकीर्तन एवं आरती पश्चात समापन किया गया।

कार्यक्रम में दौलत चंद्राकर, तारेंद्र चंद्राकर, कपूरचंद साहू, रामनिवास चंद्राकर, विजय नंदवानी, परमानंद बजाज, सेवनलाल चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, लक्ष्मीनाथ चंद्राकर, परमानंद चंद्राकर, कोमल गुप्ता, प्रदीप चंद्राकर, चोइथराम राजपाल, अजय गुप्ता, प्रत्युष चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, केआर



चंद्राकर,नेहा सिंह, रिशु सिंह, पूर्णिमा साहू, तारिणी तिवारी, प्रीति शर्मा, मंजू शर्मा, भारती मिश्रा, किरण चंद्राकर, चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर, किशोर चंद्राकर, शिवनाथ बोस, पंकज चंद्राकर, तृषा चंद्राकर, लालदास मानिकपुरी, महेंद्र कुमार साहू, मुन्ना लाल साहू, अश्विनी कुमार तिवारी,चंद्रशेखर साहू, कौशल कुमार चंद्राकर, श्रवण चंद्राकर, मनोहर लाल चंद्राकर, नागेश्वरी साहू, प्रियंका साहू, नम्रता साहू, ईश्वरी ठाकुर, भारती चंद्राकर, मोंतुशी बोस, सेजल सूचक, नेहल सूचक, सुमित साहू, प्रेमा चंद्राकर, सविता चंद्राकर, किरण नामदेव, रेशमा नामदेव, एकता गुप्ता, शशिप्रभा चंद्राकर, वेणु चंद्राकर, गीतांजलि चंद्राकर, वर्षा चंद्राकर, तृषा चंद्राकर, सुषमा दीवान, खुशी दीवान, गुलापा चंद्राकर, बलराम लालवानी, गीता लालवानी, श्रीकांत नाशरे, मेघा नासरे, विष्णु चंद्राकर, सदनलाल नामदेव, राधाबाई वैष्णव, भवानी देवांगन, विमला चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## नवकिरण अकादमी में आरक्षक भर्ती के तहत लिया गया टेस्ट पेपर

**महासमुंद।** नवकिरण अकादमी में आरक्षक भर्ती परीक्षा हेतु 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को पहला टेस्ट का आयोजन किया गया। डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 4 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज पहला टेस्ट पेपर आरक्षक भर्ती संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -01 हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें भारत का इतिहास, भारत का भूगोल, भारत का संविधान, भारत की अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, भारतीय दर्शन कला साहित्य, समसामयिक घटनाएं, पर्यावरण, कंप्यूटर, छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान, बुद्धि क्षमता एवं विश्लेषण क्षमता, अंक गणित आदि के 100 प्रश्न पूछे गए थे। पहला टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने कुल 98 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 04 टेस्ट सीरीज के क्रम दूसरा टेस्ट पेपर आरक्षक भर्ती संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -02 24 अगस्त 2025, रविवार को आयोजित किया जाएगा। साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और आरक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर सकते हैं।

# धरमपुर में मनी जन्माष्टमी: विधायक अग्रवाल ने पूजा अर्चना कर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

पूरे देश में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पावन धूम देखने को मिल रही है। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़, भजन-कीर्तन की गूंज और 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा है। राजधानी से लेकर ग्रामीण अंचलों तक, हर स्थान पर श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन, मटकी फोड़ प्रतियोगिताएं, और रासलीला के आयोजन हो रहे हैं।

उसी कड़ी में सांकरा क्षेत्र के ग्राम धरमपुर में भव्य श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक समारोह में क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंच कर विधायक डॉ संपत अग्रवाल द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना की। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने पूजा अर्चना के बाद सभी उपस्थित



जनों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं । अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जन्म केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन, नीति और प्रेम की स्थापना का प्रतीक है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कैसे कठिन परिस्थितियों में भी धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। आज के बच्चे यदि श्रीकृष्ण के आदर्शों को आत्मसात करें, तो वे न केवल अच्छे विद्यार्थी बनेंगे, बल्कि समाज के जिम्मेदार नागरिक भी बनेंगे।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पौराणिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी ग्रामीण जनो को बताया कि श्रीकृष्ण का जन्म द्वापर युग में भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को हुआ था । वे भगवान विष्णु के आठवें अवतार माने जाते हैं, जिन्होंने कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिलाकर धर्म की पुनर्स्थापना की। उनकी बाल लीलाएं, रासलीला, और महाभारत में अर्जुन को दिया गया गीता का उपदेश आज भी मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। जन्माष्टमी का पर्व हमें धैर्य, करुणा और कर्तव्य की भावना से जुड़ने का अवसर देता है।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने ग्राम धरमपुर एवं सभी बसना विधानसभा वासियों को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में न केवल आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि वे अपनी जड़ों से जुड़ते हैं। श्रीकृष्ण की लीलाओं को मंच पर जीवंत करना एक साधना है, कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल कोलता समाज के संभागीय महामंत्री एवं जनपद सदस्य मथामणि बढ़ाई, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, खेमू अग्रवाल, डॉ सुशील प्रधान, पूर्व सरपंच सुशील मेहेर, कमल साहू, हेमंत चौहान सहित सैकड़ों की संख्या में कृष्ण भक्त ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# विधायक ने किया वन महोत्सव कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

- वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में किया गया सिंदूर के पौधे का रोपण, जनप्रतिनिधि शामिल हुए

वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिंदूर का पौधरोपण किया गया। वन महोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संपत अग्रवाल ने अपने उदबोधन में एक पेड़ मां के नाम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना को साकार करने सभी को पेड़ लगाने की प्रेरणा दिये। इस अवसर पर कार्यक्रम के पूर्व उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों ने सिंदूर का पौधरोपण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें जनपद अध्यक्ष पिथौरा उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रम्हा पटेल, स्वप्निल तिवारी ने भी अपने



विचार रखते हुए वृक्षारोपण की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशेष रूप से वन विभाग के विधायक प्रतिनिधि सुमित अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजयराज पटेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय डड़सेना, सुरेंद्र पांडे, पुष्पराज गजेंद्र, संजय गोयल, राजा शुक्ला, कोमल महंती, पवन अग्रवाल, सुशील भोई, विष्णु साहू, सुकांत सोनी, सतीश ध्रुव के साथ जनपद पंचायत पिथौरा के सदस्य गण, वनपरिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डडसेना, डिप्टी रेंजर में ललित पटेल, रुपई ध्रुव, वीरेंद्र पाठक, छबिराम साहू, राजकुमार साहू, एवं परिक्षेत्र लिपिक वीरेंद्र चौहान परिसर रक्षी वीरेंद्र बंजारे, जयसिंह भोंसले, दीपिका रात्रे, उपवन मंडल कार्यालय से भुनेश्वर साहू, डमरूधर वगर्ती एवं परिक्षेत्र के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं कार्यालयीन स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एफए नंद एवं आभार प्रदर्शन वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डड़सेना ने किया।



## उत्कल चौक में किया गया ध्वजारोहण

**नर्रा।** खरियार रोड नगर के उत्कल चौक में मांस एसोसिएशन के द्वारा 79 वें स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के युवा नेता मो. जुनैज के द्वारा भारत माता की पूजन अर्चन कर ध्वजा रोहण किया गया। इस दौरान एसोसिएशन के सभापति कृष्ण नायक, जनाब हमीद भाई, कुना भाई, सोनू सुना, अनिल सोनी, सेक्की बैस, जगदीश मजूमदार, लाला मोसन, राजू श्रीवास, रवि सिंघाई एवं सदस्य गण समेत नगर के ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



## उपसरपंच ने किया ध्वजारोहण

**खल्लारी।** खल्लारी स्थित सिल्वर वुड पब्लिक स्कूल में ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधि सहित ग्रामीणजन, स्कूल स्टाफ व छोटे छोटे बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## घोड़ारी में वाजपेयी को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम ग्राम घोडारी के अटल चौक में भारत रत्न, छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष भाजपा येतराम साहू, जनपद सदस्य विजयलक्ष्मी जांगड़े, तुमगांव मंडल अध्यक्ष तेजेंद्र शर्मा, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र गिरी, आनंद साहू, उपाध्यक्ष युवा मोर्चा ग्राम घोडारी के पूर्व सरपंच रामाश्रय यादव, राजेंद चंद्राकर, सरपंच प्रतिनिधि सुधीर बंजारे, उप सरपंच गोपाल दास, ग्रामवासी कोमल निषाद, यशवंत चक्रधारी, रामदास निषाद, शशि परमार, अरविंद प्रहरे, राजेश्वर वंशे आदि उपस्थित हुए।



## कान्हा की वेशभूषा में बच्चों ने मन मोह लिया

**पिथौरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर नगर के विभिन्न स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने नन्हे कान्हा व राधा की मनमोहक वेशभूषा धारण कर सबका दिल जीत लिया। छोटे-छोटे बाल गोपालों ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप को जीवंत कर दिया।

### शिकायत : अनियमितता की शिकायत पर अब तक नहीं हुई कार्रवाई

# न्याय न मिलने की स्थिति में भूख हड़ताल की चेतावनी, पूर्व सरपंच पर कार्रवाई की मांग


हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

बसना विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरडीह के बहुचर्चित मामला भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बरडीह संजय भोई द्वारा 518575 रुपए की भ्रष्टाचार की राशि वसूली के संबंध में में दिन ब दिन नए-नए खुलासे हो रहे है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना पीयूष सिंह ठाकुर द्वारा तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना के आदेशानुसार सन 2019 में तीन सदस्यीय जांच कर्ता केआर खुराना (उप अभियंता), संतलाल साहू आंत. सहा लेखा परि एवं करारोपण अधिकारी, जयलाल साव आंत सहा लेखा परि एवं करारोपण अधिकारी द्वारा भ्रष्टाचार से संबंधित सभी सीसी रोड की जांच भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बरडीह संजय भोई एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में की गई, जिसमें गुणवत्ताहीन सीसी रोड कार्य में 518575 रुपए की वसूली योग्य पाया गया।

लेकिन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना पीयूष सिंह ठाकुर द्वारा भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बरडीह संजय भोई ई के राजनीतिक दबाव में आकर जिस प्रकरण को कलेक्टर महासमुंद द्वारा 518575/ रुपए भ्रष्टाचार की राशि वसूली योग्य मानकर भूतपूर्व सरपंच संजय भोई की अपील को 21.08.2023 को खारिज कर दिया गया। उसी प्रकरण को दो सदस्यीय जांच दल बनाकर केवल कागज में ही प्रतिवेदन प्रस्तुत कर पीयूष सिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना द्वारा 16 1 2025 को प्रकरण को ही नस्तीबद्ध कर दिया गया।

लेकिन उक्त प्रकरण में दिन-ब-दिन नए-नए खुलासे सामने आ रहे हैं। वर्तमान सीईओ बसना द्वारा जिन दो सदस्यीय जांच कर्ता द्वारा जांच उपरांत सत्यापन मूल्यांकन के लिए



पूर्णता प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत बरडीह से मांगा गया। चूंकि सरपंच ग्राम पंचायत बरडीह हेमंत नायक एवं सचिव झसकेतन साहू द्वारा उक्त सीसी रोड गुणवत्ताहीन बनाया गया है, तथा आज परिवर्तन तक उक्त सीसी रोड में किसी भी प्रकार का मरम्मत एवं सुधार कार्य न होने की बात उल्लेख करते हुए एसडीओ बसना को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

लेकिन सोचने वाली बात यह है कि जब सरपंच /सचिव द्वारा उक्त सीसी रोड गुणवत्ताहीन बनाया गया है तथा सुधार एवं मरम्मत न ना हुआ है कहकर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है तो फिर किस आधार पर पीयूष सिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना प्रकरण को ही नस्तीबद्ध बद्ध कर दिया गया है। पीयूष सिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना द्वारा आवेदक अशोक गढ़तीया निवासी बरडीह को भूतपूर्व सरपंच संजय भोई से समझौता कर लेने के लिए कहते हुए अभी तक अशोक गढ़तीया को हतोत्साहित किया जा रहा है।

स्पष्ट नजर आ रहा है कि पीयूष सिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना द्वारा भूतपूर्व सरपंच संजय भोई कोई को बचाने के प्रयास में गलत पर गलत करते जा रहे हैं और दिन-ब-दिन फंसते जा रहे हैं। आवेदक अशोक गढ़तिया द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना द्वारा भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बरडीह संजय भोई के पक्ष में कार्रवाई को ध्यान में रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बसना को 13 अगस्त को आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना के रवैए को आवेदन के माध्यम से 15 दिवस के भीतर न्याय न मिलने की स्थिति में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की चेतावनी दी गई है



## वाजपेयी को श्रद्धांजलि

**पटेवा।** सिरपुर पटेवा मंडल पटेवा में स्व अटल बिहारी वाजपेयी की 7वीं पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें मंडल महामंत्री सुनील पटेल, पूर्व झलप पटेवा मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, वरिष्ठ नेता रविशंकर पैकरा, चंद्रशेखर पटेल, विकास अग्रवाल, मनोहर साहू, टीकाराम पटेल, कमलेश पटेल, नरेंद्र साहू, शिव नंदे, रोहित दीवान, लालाराम साहू, राकेश साहू, रामशरण दीवान, भोजराम साहू, केशव साहू, प्रवीण साहू, परमानंद साहू, डिगेश ध्रुव, नेहरू ध्रुव, भूखन निर्मलकर, गणेश साहू, संतोष दीवान, पुष्पेंद्र साहू सबने श्रद्धा सुमन अर्पित कर अटल जी को याद किया।

## पाशा बने सीआईडी के मेंबर



**महासमुंद।** याकूब ख़ान पाशा को क्राइम इनफार्मेशन डिविजन अपराध सूचना विभाग (सी आई डी ) के जिला मेंबर बनाए गए हैं यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश ऑल इंडिया व आशीष कुमार फाउंडर एंड चेयरमैन सीआईडी के द्वारा नियुक्ति दी गई है। सीआईडी की मुख्य लक्ष्य राष्ट्रीय और सामाजिक हितों, निर्दोषों को मुक्त व दोषियों को ढूंढने में प्रशासन का सहयोग करना, जनता के मन से पुलिस का भय निकाल कर मित्र पुलिस का भाव उजागर करना, दोषियों को सजा निर्देशों को मुक्त करना समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कार्य करना, आतंकवाद के खिलाफ कार्य करना, जन समस्याओं के निवारण के लिए ग्राम स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक कार्य करना, अपराध एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्य करना, पिछड़े क्षेत्र की जनता को गोपनियों द्वारा कानूनी जानकारी से जागरूक करवाना, इन विभिन्न जनहितकारी कार्य का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में याकूब ख़ान पाशा मुस्लिम सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ है एवं भारतीय जनता मजदूर संघ के प्रदेश महासचिव भी है। पाशा के सीआईडी बनने पर सभी मित्रों ने उन्हें मुबारकबाद दी है।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी के बच्चों को गणवेश वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बसना नगर के पार्षद मनोज गहेरवाल के नेतृत्व में वार्ड क्र 01 आंगनबाड़ी परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम रखा गया। जिसमे मुख्य अतिथि नगर पंचायत बसना अध्यक्ष डॉ खुशबू अग्रवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूरज सिदार, पूर्व पार्षद गौतम धृतलहरे मुख्य रूप से उपस्थित रहे आंगनबाड़ी के बच्चों को कापी पेन व पोशाक वितरण किए।



डॉ ख़ुशबू अग्रवाल ने कहा कि हम मिल कर बसना नगर के विकास की ओर अग्रसर है वार्ड की प्रमुख मांग रोड नाली निर्माण कार्य सीडीपी प्लान में भेज दिए हैं। जल्द ही स्वीकृत करवा कार्य को प्रारंभ करेंगे। वहीं सीएमओ सूरज सिदार ने बताया कि वार्ड क्र 01 में आंगनबाड़ी भवन जो की जर्जर हो गया है। नवीन आंगनबाड़ी भवन के लिए प्रपोजल भेजा गया था जो स्वीकृत हो गया है। जल्द ही नवीन आंगनबाड़ी भवन का कार्य प्रारंभ होगा।

वहीं पार्षद मनोज गहेरवाल ने कहा 15 अगस्त केवल झण्डा फहराने का दिन नहीं बल्कि उन तमाम वीरों को याद करने करने का दिन है। जिन्होंने संघर्ष कर अपने प्राणों की आहुति दे कर देश को आजादी दिलाई। इस आयोजन के माध्यम से हम देश की एकता अखंडता व देश प्रेम की भावना को मजबूत करें।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत बसना अध्यक्ष डॉ ख़ुशबू अग्रवाल, सीएमओ सूरज सिदार, पूर्व पार्षद गौतम धृतलहरे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्पना चौहान, सहायिका रामशीला, सामाजिक कार्यकर्ता त्रिवेणी बढ़ाई, देव कुमारी, पदमा साहू, पूजा गहेरवाल, मितानिन मंजू, तीसराम खुटे, उदेलाल, विजय बारले, मोहसिन खान, सुनील धृतलहरे, धनेश्वरी व सभी वार्डवासी उपस्थित रहे।

## शासकीय नवीन महाविद्यालय कोमाखान में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया

**कोमाखान।** शासकीय नवीन महाविद्यालय कोमाखान में आज़ादी की 79 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। संस्था में प्राचार्य डॉ. पुरुषोत्तम झा ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने महाविद्यालय परिवार को अपने शुभकामना संबोधन में भारत के स्वर्णिम अतीत को याद किया और वर्तमान में उसे बनाये रखने की युवाओं से अपील की।

ध्वजारोहण के बाद महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्वागत गीत कु. उर्मिला (बीए तृतीय सेमेस्टर) ने प्रस्तुत किया फिर उषा और यश (बीए प्रथम) सेमेस्टर ने युगल गीत प्रस्तुत किया। युगल नृत्य के रूप में दीपाली और यामिनी ने 'देश रंगीला' गीत प्रस्तुत किया। पार्वती और साथियों ने देशभक्ति गीत पर सुंदर समूह नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आकर्षण हेमप्रकाश पांड़े (बीए प्रथम सेमेस्टर) और साथियों की नृत्य नाटिका रही जिसमें आज़ादी की लड़ाई का एक रूपक तैयार कर प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डॉ. भूमिका शर्मा (सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र), पीयूष कुमार (सहायक प्राध्यापक, हिंदी) ने भी विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ. टिकेंद्र साहू, लता पटेल, हेमा वर्मा, मोनिका वर्मा, सहायक ग्रेड 3 लेखराम बंजारे और गगन उपस्थित थे। कार्यक्रम का कुशल संचालन हरीश कुमार चौहान (अतिथि व्याख्याता) और भारती साहू (अतिथि व्याख्याता) ने किया।



## बरभांठा में मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी मटकी फोड़ सहित कई खेल आयोजित

**झलप।** ग्राम बरभांठा में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन आदर्श युवा समिति बरभांठा के तत्वाधान में रखा गया। यह कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन आदर्श युवा समिति के नेतृत्व में लगातार चौथे साल किया गया। ष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में सबसे पहले लखन ध्रुव घर से राधा-कृष्ण की वेश भूषा में सजे बच्चे को राधे-कृष्ण, राधे-कृष्ण के नारे, आरती, पटाखे, बैंड बाजा के साथ नाचते गाते स्वागत करते हुए कार्यक्रम मंच दुर्गा चौंक तक लाया गया। उसके बाद राधा-कृष्ण छाया चित्र की पूजा अर्चना किया की गई। उसके बाद विभिन्न खेलों मटकी फोड़, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, नड्डा दौड़, सुई धागा आदि खेल आयोजित किए गए। विजेताओं को सरपंच झाल बाई राय द्वारा पुरस्कार दिया गया। साथ ही विजेताओं को रिकेश्वरी साहू द्वारा विशेष पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में दही हांडी फोड़ कर प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से झाल बाई राय, सरपंच, देवेंद्र राय, सरपंच प्रतिनिधि, कला जांगड़े सरपंच, ग्राम पंचायत झारा, ग्राम प्रमुख व आयोजन समिति - चमारराय ध्रुव, चिंतु साहू, टेकराम भारती, जोगीराम ध्रुव, नंदू टंडन, गोवर्धन आवड़े, रतिराम खूंटे, आनंद मन्नाडे, भारत टंडन, लखन ध्रुव, अर्जुन कोसरिया, मुकेश खूंटे, त्रिलोचन ध्रुव, मालिकराम यादव, हिरू ध्रुव, मिलाप साहू, छवि साहू, संत ध्रुव, टेंगनू लहरे, सुखीराम, जया आवड़े, रेवती कुर्रे, माधुरी यादव, देवकी साहू, सतरूपा ध्रुव, रमला कुर्रे, संतोषी, कुमारी बाई, रिकेश्वरी साहू आदि उपस्थित रहे।

# किड्स एजुकेशनल स्कूल में मना आजादी का पर्व

**बसना।** आजादी के अमृत पर्व के अंतर्गत 79वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल, बंसुला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान प्रमुख आर. के. दास के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित साहू समाज के ब्लॉक अध्यक्ष पंकज साव ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाकर देशभक्ति का संदेश दिया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में सेवक दास दीवान (प्रदेश अध्यक्ष, पत्रकार कल्याण महासंघ), अभय धृतलहरे (मीडिया प्रभारी बसना), परीक्षित साव, रूपानंद साव, लव कुमार साव, स्कूल की प्राचार्य भगवती जगत, उप प्राचार्य नंदिनी प्रधान, उषा बीसी, हसीना बेगम, तन्नूनिशा सबनम, जौहरी वसुधा साव, बासमोती जगत, आरती नाग, सुमन साकरे, दीपिका साव, परमानंद पटेल, गणेश सिदार, प्रशांत देवता सहित गणमान्य नागरिक, ग्रामीण, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत फूलगुच्छों से कर किया गया। मंच से विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नारे और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को देशप्रेम से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को स्मरण करते हुए बच्चों को देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा दी। अंत में पूरे परिसर में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष गूंजे तथा स्वतंत्रता दिवस समारोह





## आदित्येन इन इंग्लिश मीडियम में फहराया ध्वज

**सरायपाली।** आदित्येन इंग्लिश मीडियम स्कूल रोहिना में स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व में स्कूल के एच एम जानकी आदित्य द्वारा झंडा फहराया गया, धूमधाम से सांस्कृतिक कार्यक्रम उक्त स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा किया गया उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में पालक समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्य गण तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपना अहम भूमिका अदा किए।

# स्वतंत्रता दिवस पर शाला परिसर खट्टी में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

शासकीय पूर्व माध्य व प्राथमिक शाला खट्टी में 79 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। वहा के सरपंच खिलेश्वरी यादराम सिन्हा ने पंचायत भवन परिसर व शाला परिसर में राष्टीय ध्वज फहराया। इसके बाद बच्चों ने प्रभात फेरी निकाल कर भ्रमण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप इस क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रतिनिधि राज कुमार ठाकुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच खिलेश्वरी सिन्हा ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि में उप सरपंच



रोशन तारक समेत पंचगण उपस्थित रहे। इसके बाद बच्चों के द्वारा गीत कविता भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में कक्षा दसवी और बारवीं में 75% प्रतिशत अंक अर्जित करने पर कक्षा बारहवीं के छात्र निलेश्वरी तांडी ईश्वर तांडी एवं कक्षा दसवीं में नागेश्वर साहू, हेमलता तांडी तथा प्रयास विद्यालय में चयन होने पर विद्यार्थी को अतिथियों ने प्रोत्साहन राशी व छग महतारी की प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस दौरान ग्रामीणजन शिक्षक व स्कूल बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मंच संचालन प्रधान पाठक नोमेश यदु ने किया। सभी को मिष्ठान वितरण किया।

# दुलारपाली स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस का पर्व

**सरायपाली (ग्रामीण)।** शाउमावि दुलारपाली में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष देवेंद्र साहू द्वारा विद्यालय परिसर में मां सरस्वती, भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्यचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों, शिक्षकों द्वारा प्रभातफेरी निकालकर पूरे गांव का भ्रमण किया गया। स्कूली बच्चे भारतमाता, छत्तीसगढ़ महतारी, रानी लक्ष्मीबाई, भगतसिंह व अन्य स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में सुसज्जित थे। ग्रामवासियों ने अपने-अपने घर के सम्मुख रंगोली बनाकर कलश सजाकर प्रभातफेरी का स्वागत किया।

पंचायत भवन में सरपंच देवकी पारस पटेल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर अमर शहीदों की शहादत को समर्पित कार्यक्रम जरा याद करो कुर्बानी का आयोजन किया गया जिसमें प्राथमिक उच्च प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विभाग के छात्र-छात्राओं ने गीत कविता शायरी भाषण के माध्यम से आजादी की अमर




कहानी को प्रस्तुत किया। प्रतिभागी बच्चों ने दिए गए विषय के आधार पर स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष गाथा को सुनाकर उन्हें याद किया। इस अवसर पर उर्वी साहू, दीपेश, देव कुमार, जय नताशा गीता माही, दुर्वांश साहू ने तिरंगे की शान के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहीदों पर कविता सुनाया। चंद्रकांति अंकिता पायल चौहान नीतू चौहान चमेली कुसुम निषाद मोनाल साहू झलक साहू चांदनी साहू दीक्षा पटेल बबली जायसवाल छबीला सिदार ममता साहू, ममता सिदार ने 1857 की क्रांति, नमक सत्याग्रह, सविनय अवज्ञा आंदोलन, असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन तथा स्वतंत्र भारत के चुनौतियाँ तथा प्रधानमंत्रीयों के कार्यकाल और उनके द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्यों पर अपने विचार रखे। शालिनी साहू, प्रीति चौहान, मोनिका निषाद, मयंक पटेल, कामिनी साहू, यामिनी साहू, परी वैष्णव, चांद चौहान, आरती साहू, मनीषा यादव, वैष्णवी, लिलेश्वरी, रितिका एवं ममता ने वीरों के जोश उत्साह उमंग से संबंधित देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।शिक्षकों की ओर से वी वी वैष्णव, रोहित कुमार साहू, सुशांत प्रधान, टेकलाल पटेल, लोकेंद्र नायक, अमित चौरसिया, प्रेमानंद भोई ने स्वतंत्रता संग्राम के अनसुने प्रेरक प्रसंग सुनाकर देशभक्ति का संचार किया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक सचिव आरती साहू और अप्पी साहू ने किया। उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में शंकर लाल जगत डीके पटेल, जय नारायण पटेल, ममता पोर्ते पद्मिनी भोई, कविता पटेल रूपधर पटेल, डीएल खटकर, कृष्ण कुमार नायक, राकेश प्रधान, हाराधान चौधरी, जूनियर रेडक्रॉस और एन एस एस स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम व गौरवशाली इतिहास से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया एवं विजेता प्रतिभागियों लक्की, किशन सिदार, हर्ष साहू, मयंक पटेल और गौरव चौहान को शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र साहू द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# पटपरपाली में पंचायत, शाला व कृषि समिति में संयुक्त रूप से किया गया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोमाखान

देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। ग्राम पंचायत पटपरपाली, प्राथमिक शाला चंदरपुर, पटपरपाली व पूर्व माध्यमिक शाला बामह्नडीह के साथ ही प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पटपरपाली में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच लता कमलेश टांडेय, पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टांडेय ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया व सलामी दी। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ। देश के नाम संदेश का वाचन किया।

ध्वजारोहण के उपरांत भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, शहीद वीर नारायण सिंह एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

सरपंच लता कमलेश टांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का अवसर है जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टांडेय ने कृषि साख सहकारी समिति में ध्वजारोहण करने के उपरांत अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत गौरव का दिन है. अंग्रेजी साम्राज्यवाद से लड़ते हुए हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने



अपना सर्वस्व बलिदान कर हमें स्वतंत्रता का उजाला सौंपा. आज स्वतंत्रता दिवस की इस प्रभात बेला में हम अपने सभी वीर सपूतों को कृतज्ञता से नमन करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार के द्वारा किसानों के हित में किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। और साथ ही कहा कि देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ हम छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 गौरवशाली वर्षों की विकास यात्रा को "छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव" के रूप में मना रहे हैं। ध्वजारोहण के उपरांत पूर्व माध्यमिक शाला भवन से छात्र छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। ततपश्चात बच्चों द्वारा रंगारंग देशभक्ति सांसकृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले सभी भागीदारी छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

कार्यक्रम का संचालन मनोज चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम का समापन पंचायत सचिव बेदनाथ देवांगन ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिक्षकगण प्रधान पाठक केवल राम टण्डन, सुलन चंद्राकर, फिरोज ठाकुर, ज्योति मेश्राम, दिनेश साहू, पूनम निषाद, प्रतीक चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गमला यादव, मीणा साहू, विशेष अतिथियों में पूर्व सरपंच राजेन्द्र शर्मा, भुवन साहू, शिव उपाध्याय, छगन साहू, सुरित साहू, बिस्वा साहू, लक्ष्मण साहू, समिति प्रबंधक गुमान साहू, टिकेश साहू, सुरेंद्र साहू, युगल पंचगण में प्रमुख रूप से उपसरपंच चैतराम साहू, थलेश्वरी साहू, हवंत साहू, हेमलता साहू, मुकेश गुप्ता, सुनीता साहू, रामचंद्र यादव, कल्पना तिवारी, मनोज साहू, कांति साहू, मोहन साहू, धनाऊ साहू, राजू तिवारी, केशराम साहू, मुकेश साहू के साथ ही पालकगण, ग्राम प्रमुख उपस्थित हुए।

## वन विभाग धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**सरायपाली।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्थित स्थानीय वन विभाग कार्यालय में उत्साह और देशभक्ति के माहौल के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रत्युष तांडे ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस दौरान वन विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस बार पूरे सरायपाली के शासकीय कार्यालयों में सबसे सुंदर व आकर्षक वन विभाग परिसर को विशेष रूप से तिरंगे के रंगों में सजाया गया था, जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। पहली बार कार्यालय भवन को तिरंगे रंगों की रोशनी से आलोकित किया गया और सुंदर सजावट के बीच स्वतंत्रता दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

## खबर संक्षेप



### शहीद स्मारक में चला स्वच्छता अभियान

**खरोरा।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, पंच अंजू चंद्राकर, पंच लतिका यादव, पंच मनीष चंद्राकर,व पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य रामप्यारी साहू, गुलशन चंद्राकर द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया, इस दौरान गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लेते हुए गांव और शहीद स्मारक के आसपास सफाई किया गया।



### घासीदास में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला गुरु घासीदास में 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वार्ड नंबर 22 के पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला गुरु घासीदास के प्रधान पाठक केशव साहू, अन्य शिक्षकगण, वार्डवासी उपस्थित रहे। पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया और बच्चों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।



### प्रधान पाठक कल्याण संघ की बैठक हुई

**महासमुंद।** रविवार को गुरु गोविंद सिंह उद्यान, महासमुंद में संयुक्त प्रधान पाठक कल्याण संघ, महासमुंद की बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य सोना साहू क्रमोन्नति प्रकरण की तर्ज पर शिक्षकों की क्रमोन्नति, संघ विस्तार एवं वरिष्ठता सूची निर्धारण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करना रहा। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक कमल नारायण यादव ने की। बैठक में प्रमुख रूप से ईश्वर साहू, विजय कुमार साहू, पीतांबर पाठक, ओमप्रकाश साहू, सीताराम साहू, राजू दीवान, लोकनाथ पटेल, उमाशंकर शर्मा, पन्ना लाल ध्रुव, तरुण मरई, लखन लाल साहू अनीस ख़ान एवं देवकुमार खुंटे उपस्थित रहे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संघ की ओर से

**पर्व :** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बिखरी छटा, विधायक ने की पूजा अर्चना

# विधायक ने कहा-कृष्ण का जीवन धर्म और नीति का आदर्श

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बसना

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़, भजन-कीर्तन की गूंज और 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। राजधानी से लेकर ग्रामीण अंचलों तक, हर स्थान पर श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन, मटकी फोड़ प्रतियोगिताएं, और रासलीला के आयोजन हो रहे हैं।

इसी कड़ी में कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर बसना स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्यमिक विद्यालय द्वारा भव्य श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक समारोह में क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत विधायक डॉ संपत अग्रवाल द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने पूजा अर्चना के बाद सभी उपस्थित जनों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जन्म केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह जीवन के हर



क्षेत्र में संतुलन, नीति और प्रेम की स्थापना का प्रतीक है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कैसे कठिन परिस्थितियों में भी धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। आज के बच्चे यदि श्रीकृष्ण के आदर्शों को आत्मसात करें, तो वे न केवल अच्छे विद्यार्थी बनेंगे, बल्कि समाज के जिम्मेदार नागरिक भी बनेंगे।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पौराणिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए स्कूली बच्चों को बताया कि श्रीकृष्ण का जन्म द्वापर युग में भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को हुआ था। वे भगवान विष्णु के आठवें अवतार माने जाते हैं, जिन्होंने कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिलाकर धर्म की पुनर्स्थापना की। उनकी बाल लीलाएं, रासलीला, और महाभारत में अर्जुन को दिया गया गीता का उपदेश आज भी मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। जन्माष्टमी का पर्व हमें धैर्य, करुणा और कर्तव्य की भावना से जुड़ने का अवसर देता है।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित नृत्य, नाट्य और भजन प्रस्तुत किए। विशेष रूप से 'कृष्ण लीला', 'मटकी फोड़' और 'रासलीला' जैसे कार्यक्रमों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। बच्चों की भावपूर्ण अभिव्यक्ति, पारंपरिक वेशभूषा और मंच पर उनकी ऊर्जा ने पूरे माहौल को कृष्णमय बना दिया। तालियों की गूंज से मंडी प्रांगण गूंजायमान हो उठा।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने विद्यालय परिवार को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में न केवल आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि वे अपनी जड़ों से जुड़ते हैं। श्रीकृष्ण की लीलाओं को मंच पर जीवंत करना एक साधना है, और आज इन नन्हे कलाकारों ने उसे बखूबी निभाया है। कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर विधानसभा संयोजक एन. के. अग्रवाल, विद्यालय समिति अध्यक्ष रामचंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष रघुवीर श्रीवास्तव, स्कूल समिति पूर्व अध्यक्ष धनेश्वर साहू, वरिष्ठ सदस्य आनंद मदनानी, प्राचार्य धनुर्जय साहू, राजिम विभाग संघचालक यज्ञराम सिदार, पूर्व प्राचार्य रमेश कर, पूर्व आचार्य भोजराज प्रधान, कोषाध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, सह सचिव सुश्री पुष्पलता साव, समिति सदस्यगण सावर अग्रवाल, सतीशचंद्र बेहरा, सुभाष चंद्र शर्मा, ललिता रात्रे, समस्त आचार्य जी, दीदी एवं स्कूल के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## मंदिरों में श्रीकृष्ण के जयकारे के धूम रही



हरिभूमि न्यूज ▸▸| तेंदूकोना

शनिवार को अंचल में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर में सुबह से ही पर्व को लेकर भक्तिमय वातावरण बना हुआ था। मंदिरों में दिनभर जय कन्हैया लाल की व गोविंदा आला रे आला की गूंज सुनाई देती रही, सुबह से ही भक्त मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए पहुंचते रहे। वही पर्व को मनाने छोटे छोटे बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा गोप-गोपिकाओं के वेष के साथ आकर्षक झांकी निकाली गई व जगह-जगह दही लूट, मटका फोड़ का आयोजन किया गया। शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा गोप-गोपिकाओं के वेश में पूरे गांव में रैली निकालकर चौक चौराहे में लगे मटके को फोड़ा गया। बाद हाई स्कूल परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां छोटे छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक झांकी पेश की गई जिसमें कृष्ण जन्म, रास लीला तथा कंस वध का मनमोहक झांकी निकाली गई व राधा कृष्ण के गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। आयोजन में स्कूली बच्चों के साथ साथ ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

### भक्तों ने खूब की खरीदारी

कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर भक्त भारी उत्साहित दिखे । इससे पूर्व शुक्रवार को बाजार गुलजार रहा। भक्त सुबह से शाम तक लड्डू गोपाल व राधा-कृष्ण के सजावट के कपड़ों की जमकर खरीदारी की। दुकानों में मिट्टी व प्लास्टिक के कृष्ण व राधा की मूर्ति के साथ मुरली, मोर पंख की खूब बिक्री हुई।

# स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झलप

स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर झलप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्राथमिक विभाग में ग्राम भारती जिला महासमुंद के अध्यक्ष हेमलाल चंद्राकर के कर कमलों से एवं पूर्व माध्यमिक विभाग में प्रबंध समिति झलप के सदस्य टीकाराम साहू के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात संचालन गीत के साथ नगर भ्रमण और इसके बाद विद्यालय प्रांगण में भैया-बहिनों का सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम भारती अध्यक्ष हेमलाल चंद्राकर, अध्यक्षता प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में प्रबंध समिति सदस्य रज्जू राम दीवान, राजेश श्रीवास्तव, हरजिंदर सिंह सलूजा (शम्मी सलूजा), ग्राम के सरपंच राकेश साहू, हनी सिंह गंभीर, सागर साहू मंडी अध्यक्ष विद्यालय के पूर्व छात्रा डॉ.सुधा रौतिया उपस्थित थे। अतिथियों के माध्यम से भैया-बहिनों को स्वतंत्रता दिवस के पवन पर्व पर आशीर्वचन एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य रामाधार सोनी के द्वारा किया गया एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य



हेमंत कुमार पंडा के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। अंतिम में सभी भैया बहिनों पालक वृंद एवं ग्राम वासियों को प्रसाद वितरण किया गया।

16 अगस्त को विद्यालय में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूम धाम से मनाया गया। सर्वप्रथम प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष ललिता अग्रवाल, सदस्य रज्जू राम दीवान, पूर्व छात्र सजल अग्रवाल, प्रवेश अग्रवाल, राहुल गर्ग, हेमंत अग्रवाल के द्वारा कृष्ण का पूजन वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के 70 भैया बहिन कृष्ण एवं राधा रानी के वेशभूषा में एवं शेष समस्त भैया बहिन आचार्य परिवार ग्राम वासियों अभिभावक वृंद के साथ नगर भ्रमण डीजे एवं आतिशबाजी के साथभव्य झांकी के साथ नगर भ्रमण किया गया। ग्राम के सभी चौक चौराहों पर कृष्ण राधा झांकी के साथ रास नृत्य दही लूट, मटका फोड़ का भव्य कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बाजार वार्ड में पूर्व छात्रों के द्वारा सभी के लिए अल्पाहार का व्यवस्था किया गया अंत में विद्यालय में दही लूट मटका फोड़ कार्यक्रम के बाद कृष्ण राधा के रूप में सजे भैया बहिनों को पूर्व छात्रों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। ग्राम भारती अध्यक्ष हेमलाल चंद्राकर के द्वारा सभी भैया-बहिनों को संबोधित किया गया। पारले ग्रो कंपनी के द्वारा सभी को स्मूथ छाछ का वितरण किया गया। वहीं प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व छात्र सजल अग्रवाल, सुलभ अग्रवाल, प्रवेश अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, हेमन्त अग्रवाल, राहुल गर्ग, विद्यालय परिवार के चमन लाल रात्रे, हेमंत निषाद, देवशरण जांगड़े, रामाधार सोनी, संतोषी साहू, संतोषिनी पंडा, खुशमति पटेल, कुंती मारकंडे, वीनस नामदेव, रोशनी पटेल, कविता पटेल, परमानंद पंडा, त्रिवेणी साहू का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

## जन्माष्टमी पर निकली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अरंड (पिथौरा)

ग्राम अरंड में हर्षोल्लास के साथ योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कलश यात्रा निकाला गया और विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत महासमुंद की अध्यक्ष मोंगरा पटेल मुख्य अतिथि ने कहा कि गांव में ऐसा भव्य कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन ऐतिहासिक व अनुकरणीय है। इस अवसर पर किशन पटेल, शिवचरण ध्रुव, कौतुक पटेल, सरपंच दिगंबर पटेल, हुसन निर्मलकर, अजय गुलशन, सुनील आदि उपस्थित थे। शिक्षक कौतुक पटेल ने बताया कि गांव में कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन का यह अठारह वर्ष है। पूरा गांव में हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की ध्वनि से गूंजायमान हो रहा है।

इस अवसर पर विभिन्न खेल का आयोजन व रात्रि में रामचरित्र मानस गान का आयोजन किया गया। संध्या मटकी फोड़ दही लूट का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, अध्यक्षता ब्रम्हानंद पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा, विशेष अतिथि जवाहर दीवान पूर्व सदस्य जिला पंचायत, दिगंबर पटेल, सरपंच देवराज ठाकुर, पूर्व सरपंच युवा भाजपा नेता नितिन जिंदल मंचस्थ थे। मुख्य अतिथि ने गांव के युवाओं की एकता की मिसाल देते हुए शिक्षा के प्रति भी जन जागृति का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे ब्रम्हानंद पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिवचरण ध्रुव व आभार प्रदर्शन कौतुक पटेल ने किया।

इस अवसर पर शोभा राम ध्रुव पत्रकार, बसंत पटेल, खूबचंद दुबे, भरत दीवान, दीपक पटेल, रूपेंद्र भोजराम, उप सरपंच युवराज पटेल आदि उपस्थित थे।

## सिरको के ग्रामवासियों ने तिरंगे को दी सलामी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बसना

ग्राम पंचायत सिरको में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और देशभक्ति के जोश के साथ



मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सरपंच फगूलाल नेताम ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी, जिसके बाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समस्त ग्रामवासियों ने भी झंडे को सलामी देकर देश के प्रति सम्मान व्यक्त किया। समारोह का मंच संचालन पंचायत सचिव अरुण बुडेक ने किया। इस अवसर पर रोजगार सहायक रमेश ध्रुव, पंचायत प्रबंधन समिति के सदस्य, पंचगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों एवं नारों से वातावरण गूंज उठा। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए उपस्थित जनों ने देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए योगदान देने का संकल्प लिया। बच्चों व ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अंत में सभी को बूंदी का वितरण किया गया और तिरंगे की शान व देश के प्रति समर्पण की भावना से पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया।

### समिति अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



नर्रा। 79 वें स्वतंत्रता दिवस प्राथमिक साख सहकारी समिति नर्रा में धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में संस्था के प्राधिकृत अध्यक्ष कलाराम नायक ने ध्वजा रोहण किया। इस दौरान विजय शंकर निगम, पुनउराम पटेल, बालमुकुंद निषाद, रूपेंद्र साहू, दिनेश यादव, पवन निषाद, समिति प्रभारी नाथूराम कुर्रे, सदाराम पटेल, चेतनलाल साहू, उमेश पटेल, मिलाप विश्वकर्मा समेत कृषक गण व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

## कलमीदादर में सरपंच साहू ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तेंदूकोना

समीप ग्राम कलमीदादर में स्वतंत्रता

- छात्र-छात्राओं को दिए गए स्कूल बैग

दिवस की 79वीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रवि साहू (फरोदिया) थे, विशेष अतिथि रूप जनपद सदस्य धनंजय साहू, साथ ही अध्यक्षता



कर रहे ग्राम पंचायत सरपंच कैलाश साहू द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बाद उपस्थित अतिथियों द्वारा प्राथमिक शाला कलमीदादर व बांदुमुडा के उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को स्कूल बैग व स्वच्छता मित्र चेलाराम दीवान को साल एवं फल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप सरपंच जामवंत साहू, सचिव आंनद यादव, पंचगण गोविंद दिवान, टेनूराम साहू, शोभांजलि साहू, हेमिन दीवान, नानकी दीवान, सीमा साहू, भागीरथी दीवान, पवन दीवान, रेवा साहू, लक्ष्मीचंद साहू, महेंद्र दीवान, रामजी साहू, नंदलाल साहू, तेजलाल, मनोज, तिरिथ दीवान आदि ग्राम वासी अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

## परसुली में डांस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नर्रा

श्रीकृष्ण समिति अमनपुरी ग्राम पंचायत परसुली के युवा समिति के तत्वधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कका भतीजा नाचा गम्मत सराईपाली कोमाखान के संस्थापक रजीत चक्रधारी को नाचा गम्मत के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए श्रीकृष्ण समिति द्वारा शाल, श्रीफल, गुलदस्ता से सम्मानित किया गया।



इस मौके पर चक्रधारी ने कृष्ण युवा समिति एवं ग्रामीण जनों के इस सकारात्मक पहल को सराहना करते हुए प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष जिला पंचायत सभापति बसंता ठाकुर ने रंजीत चक्रधारी द्वारा प्रदेश के नाचा गम्मत को अंतरराष्ट्रीय पर एक अलग पहचान दिलाने सहित उनके संरक्षण संवर्धन एवं उनके उत्थान के लिए कर रहे हैं। इस कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्होंने नाचा गम्मत को स्वस्थ मनोरंजन का एक बेहतर साधन बताया। साथ ही सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच जलसिंग चक्रधारी ने की। साथ में विशेष अतिथि के रूप में परमेश्वर पटेल सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत परकोम, यादराम सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत खट्टी, पूर्व उपसरपंच भोजराम चक्रधारी, बालेश्वर चक्रधारी, परमेश्वर पटेल,इत्यादि मंचासीन रहे । कार्यक्रम का सफल संयोजन संचालन राजू टांडी ने किया।

